क्रमांक-10

# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

### सोमवार, दिनांक 7 मार्च, 2011 (फाल्गुन 16, 1932)

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.32 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री अर्जुन सिंह,मध्यप्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री, सर्वश्री पहाड़ सिंह, देवीलाल शर्मा, द्वारका प्रसाद पाठक, भूतपूर्व सदस्यगण विधान सभा तथा श्री विश्वेन्द्र नारायण मेहता, मध्यप्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सचिव के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये गये.

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, उप नेता प्रतिपक्ष, सर्वश्री रामलखन सिंह, लक्ष्मण तिवारी, पारस सकलेचा, सदस्यगण, श्री हरवंश सिंह, उपाध्यक्ष महोदय, श्री कैलाश विजयवर्गीय, वाणिज्य उद्योग एवं रोजगार मंत्री, श्री बाबूलाल गौर, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री, श्री सरताज सिंह, वन मंत्री, डॉ. गोविन्द सिंह एवं श्री खुमान सिंह शिवाजी, सदस्यगण, श्री जगन्नाथ सिंह, श्रम मंत्री, सर्वश्री मानवेन्द्र सिंह, आरिफ अकील तथा संजय पाठक, सदस्यगण ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये.

सदन द्वारा दो मिनिट मौन खड़े रहकर, दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर, शोक संतप्तजन के प्रति संवेदना प्रकट की गई.

दिवंगतों के सम्मान में, मध्याह्न 12.11 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 8 मार्च, 2011 (फाल्गुन 17, 1932) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 7 मार्च, 2011**